पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 01,कैंट, शाहजहाँपुर (उ.प्र.)–242001

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA No.1,Cantt. Shahjahanpur (U.P.)-242001

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन/ Under the Ministry of Education, Govt. of India)

Phone : 05842 – 297666, Website: www.no1shahjahanpur.kvs.ac.in

Email : kv1canttspn@gmail.com CBSE Affiliation No. 2100025, CBSE Code 64012, UDISE 09221310908

एफ. 19/ अनुबंध शिक्षक/पीएम श्री के.वि .क्रमांक-01 कैंट/शाहजहाँपुर/ 2023-2024/ दिनांक : 17.02.2024

अंशकालिक, पूर्णतया अस्थाई तथा अनुबंध आधारित शिक्षकों/ कंप्यूटरअनुदेशकों/ योग अनुदेशकों/ स्पोर्ट्स प्रशिक्षकों/ स्पेशल एडुकेटर / एजुकेशनल काउन्सलर तथा नर्स का सत्र 2024-2025 के लिए पैनल तैयार करने हेतु साक्षात्कार (Walk-in-interview) के लिए विस्तृत विज्ञापन

(Detailed Advertisement to prepare panel for part-time, temporary, contractual Teachers/ Computer Instructors/ Yoga Instructors/ Sports Coaches/ Special Educators, Educational Counselors/ Nurse for the session 2024-2025)

विज्ञापन तिथि- 18.02.2024 (दैनिक जागरण एवं अमर उजाला)

साक्षात्कार सूचना

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 01 कैंट, शाहजहाँपुर (उ.प्र.) में सत्र 2024-2025 के लिए अंशकालिक, पूर्णतया अस्थाई एवं अनुबंध के आधार पर शिक्षकों एवं अन्य विभिन्न पदों का पैनल तैयार करने हेतु विद्यालय परिसर में निम्नलिखित तिथियों पर प्रात: 9.00 बजे साक्षात्कार (Walk-in-interview) का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक तथा अर्ह अभ्यर्थी निर्धारित तिथि व समय पर अपने मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्रों एवं इनकी स्वप्रमाणित फोटोकापी व अद्यतन फोटोग्राफ के साथ विद्यालय परिसर में साक्षात्कार (Walk-in-interview) हेतु उपस्थित हों। आवेदन फार्म एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट www.no1shahjahanpur.kvs.ac.in का अवलोकन करें।

नोट. 1. योग्यता एवं पात्रता केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार होगी तथा साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा/ दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

2. यह अनुबंध आधारित पूर्णतया अस्थाई, अंशकालिक वैकल्पिक व्यवस्था है, जिसे आधार मानकर केन्द्रीय विद्यालय संगठन में नियमित नियुक्ति का दावा नहीं किया जा सकता।

(Walk-in-interview Notice)

To prepare the panel of part-time, purely temporary and contractual teachers & other posts for the session 2024-2025, a walk-in-interview will be conducted in the premises of PM SHRI Kendriya Vidyalaya No.01, Cantt, Shahjahanpur (U.P.) on the following dates at 9.00 A.M. Interested and eligible candidates may appear in the walk-in-interview in the Vidyalaya premises on the scheduled date and time with their original educational documents along with self-attested photocopies and updated photographs. For Application form and other detailed information, visit the Vidyalaya website www.no1shahjahanpur.kvs.ac.in

Note. 1. Qualification and eligibility will be as per the rules of Kendriya Vidyalaya Sangathan and no traveling/daily allowance will be payable for the Walk-in-interview.

2. It is purely contract based temporary, part –time alternative arrangement and can not be claimed for the their regular appointment in Kendriya Vidyalaya Sangathan.

क्र सं/ S.N	साक्षात्कार तिथि, दिन एवं समय/ Walk-In Interview Date & Time	पद/Post
1	दिनांक/ Date : 24.02.2024 शनिवार/ Saturday प्रात: 9.00 बजे से अपराहन 12.30 बजे तक	पी.जी.टी.(अंग्रेजी,हिन्दी,गणित,भौतिकी,रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, इतिहास ,भूगोल,राजनीति विज्ञान एवं समाज शास्त्र/ P.G.T.(English, Hindi, Mathematics, Physics, Chemistry, Biology, Computer Science, Commerce, Economics, History, Geography ,Political Science & Sociology)
2	दिनांक/ Date : 24.02.2024 शनिवार/ Saturday प्रात: 9.00 बजे से अपराहन 12.30 बजे तक	टी.जी.टी.(अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, विज्ञान,सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत)/ T.G.T.(English, Hindi, Mathematics,Science,Social Studies & Sanskrit) प्राथमिक शिक्षक/Primary Teacher
3	दिनांक/ Date : 25.02.2024 रविवार/ Sunday प्रात: 9.00 बजे से अपराहन 12.30 बजे तक	स्पोर्ट्स कोच,योग अनुदेशक,कंप्यूटर अनुदेशक,स्पेशल एडूकेटर,शैक्षिक काउंसलर, एवं नर्स/ Sports Coach, Yoga Instructor, Computer Instructor, Special Educator, Educational Counselor and Nurse

नोट : साक्षात्कार (Walk-in-Interview) के लिए रजिस्ट्रेशन/पंजीकरण का समय निर्धारित तिथियों में प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक रहेगा |

विभिन्न पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यताएँ एवं वांछनीय योग्यताएँ इस प्रकार हैं -

क्रं सं	पद का नाम	अनिवार्य एवं वांछनीय योग्यता	साक्षात्कार की तारीख एवं समय
1	**स्नातकोत्तर शिक्षक** (P.G.T) (हिन्दी, अंग्रेजी,गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान,जीवविज्ञान, वाणिज्य, अर्थशास्त्र)	संबन्धित विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातकोत्तर, बी.एड. तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन में प्रवीणता नोट: स्नातक स्तर पर विषय संयोजन केविसं के नियमानुसार वांछनीय योग्यता : कंप्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान	**24.02.2024 (शनिवार)** प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक
2	**स्नातकोत्तर शिक्षक** (P.G.T) (संगणक विज्ञान) (Computer Science)	न्यूनतम 50% अंकों के साथ बी.ई./ बी.टेक (सी.एस./आई.टी.) अथवा बी.ई./बी.टेक (In any stream) के साथ कम्प्यूटर्स में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा अथवा एम.एस.सी. (सी.एस.)/ एम.सी.ए. अथवा बी.एस.सी (सी.एस.)/ बी.सी.ए. के साथ सी.एस. में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा किसी भी विषय मे स्नातकोत्तर के साथ पी.जी.डी. सी.ए. तथा हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम दोनों में अध्यापन करने की योग्यता	**24.02.2024 (शनिवार)** प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक
3	**प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक** (T.G.T) (हिन्दी, अंग्रेजी,गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत)	संबन्धित विषय में मुख्य विषय के साथ न्यूनतम तथा सकल रूप से 50% अंकों के साथ स्नातक, बी.एड., केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) उत्तीर्ण तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन में प्रवीणता । नोट: स्नातक स्तर पर विषय संयोजन केविसं के नियमानुसार वांछनीय योग्यता : कंप्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान	**24.02.2024 (शनिवार)** प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक
4	**प्राथमिक शिक्षक** (PRT)	न्यूनतम 50% अंकों के साथ हायरसेकंडरी/ इंटरमीडियेट एवं Elementary Education में 2 वर्षीय डिप्लोमा (D.El.Ed.)/ 4 वर्षीय B.El.Ed एवं केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) उत्तीर्ण तथा हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम दोनों में अध्यापन करने की योग्यता । वांछनीय योग्यता : कंप्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान	**24.02.2024 (शनिवार)** प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक
5	**कंप्यूटर अनुदेशक** (Computer Instructor)	बी.ई.((सी.एस.)/ बी.टेक (सी.एस.)/ बी.सी.ए./ एम.सी.ए./एम.एस.सी. (सी.एस/आई.टी..)/ बी.एस.सी (सी.एस.)अथवा स्नातक (विज्ञान)/किसी भी विषय मे स्नातकोत्तर के साथ पी.जी.डी. सी.ए./ DOEACC से 'A' or 'O' Level तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन में प्रवीणता	**25.02.2024 (रविवार)** प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक
6	**एजुकेशनल काउन्सलर** (Educational Counselor)	बी.ए./ बी.एस.सी. (मनोविज्ञान) सहित काउंसलिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम दोनों में काउंसलिंग करने की योग्यता वांछनीय योग्यता : कंप्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान	**25.02.2024 (रविवार)** प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक
7	**योग अनुदेशक** (Yoga Instructor)	किसी भी संकाय में स्नातक अथवा समकक्ष एवं योग शिक्षा में एक वर्षीय प्रशिक्षण डिप्लोमा / उपाधि तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से योग प्रशिक्षण में प्रवीणता वांछनीय योग्यता : कंप्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान	**25.02.2024 (रविवार)** प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक
8	**स्पोर्ट्स कोच** (Sports Coach)	शारीरिक शिक्षा में स्नातक उपाधि (B.PEd.) या समकक्ष तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से प्रशिक्षण में प्रवीणता वांछनीय योग्यता : कंप्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान	**25.02.2024 (रविवार)** प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक
9	**नर्स** (Nurse)	नर्सिंग में उपाधि/ डिप्लोमा नोट: प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन उपचार एवं बसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम का व्यावहारिक ज्ञान। वांछनीय योग्यता : कंप्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान	**25.02.2024 (रविवार)** प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक

क्रं सं	पद का नाम	अनिवार्य योग्यता	साक्षात्कार की तारीख एवं समय
10	**स्पेशल एजुकेटर (प्राइमरी/ अपर प्राइमरी)** (Special Educator for children with Special needs for Primary/ Upper Primary)	1. XIIth Passed and Two years D.Ed. Special Education in any of the category of disability. **OR** 2. XIIth Passed and one year Diploma in Special Education (DSE) in any of the category of disability. **OR** 3. Diploma in Community Based Rehabilitation (DCBR) with 6 months certificate course in Education of Children with Special Needs. **OR** 4. Post Graduate Diploma in Community Based Rehabilitation (PGDCBR) with 6 months certificate course in Education of Children with Special Needs. **OR** 5. Diploma in Multi Rehabilitation Worker (MRW) with 6 months certificate course in Education of Children with Special Needs. **OR** 6. Junior Diploma in Teaching the Deaf. **OR** 7. Primary Level Teacher training course in Visual Impairment. **OR** 8. Diploma in Vocational Rehabilitation- Mental Retardation (DVR-MR)/ Diploma in Vocational Training and Employment-Mental retardation (DVTE MR) with 6 months certificate course in Education of Children with Special Needs. **OR** 9. Diploma in Hearing Language and Speech (DHLS) with 6months certificate course in Education of Children with Special Needs. **OR** 10. XIIth Passed with any RCI recognized qualification of minimum one year duration and with 6 months certificate course in Education of Children with Special Needs. तथा हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम दोनों में अध्यापन करने की योग्यता वांछनीय योग्यता : कंप्यूटर का व्यवहारिक ज्ञान	**25.02.2024 (रविवार)** प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 12:30 बजे तक

नोट :-

1. साक्षात्कार (Walk-in-Interview) का स्थान पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.01 कैंट, शाहजहाँपुर (उ.प्र) होगा तथा साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी के व्यय पर उपस्थित होना होगा । इस संबंध में विद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/ दैनिक भत्ता देय **नहीं** होगा।
2. यह अनुबंध/ संविदा आधारित पूर्णतया अस्थाई, अंशकालिक वैकल्पिक व्यवस्था है तथा सत्र 2024-2025 के लिए है, जिसे आधार मानकर केन्द्रीय विद्यालय संगठन में नियमित नियुक्ति का दावा नहीं किया जा सकता।
3. उपरोक्त विज्ञापित पदों हेतु आवश्यक अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता की विस्तृत जानकारी हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.) नई दिल्ली की वेबसाइट **www.kvsangathan.nic.in (Recruitment Rules)** का अवलोकन करें ।
4. आवेदन फार्म/ रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म विद्यालय की बेबसाइट www.no1shahjahanpur.kvs.ac.in पर उपलब्ध हैं। कृपया भरे हुए आवेदन फार्म विद्यालय के ईमेल पर अथवा कार्यालय में **नहीं** भेजें, ऐसे आवेदनों को संज्ञान में **नहीं** लिया जायेगा अपितु साक्षात्कार (Walk-in-interview) के लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर पूर्णतया भरा हुआ आवेदन फार्म स्वयं साथ लेकर आयें।
5. साक्षात्कार (Walk-in-Interview) में उपस्थित होने से पहले अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे आवश्यक अर्हता रखते हैं। निर्धारित शैक्षिक योग्यताएँ दिनांक 24.02.2024 की स्थिति में पूरी होनी चाहिए। **समय पर उपस्थित नहीं होने वाले तथा अनर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार (Walk-in-Interview) में शामिल नहीं किया जायेगा।**
6. साक्षात्कार (Walk-in-Interview) में शामिल होने के इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह साक्षात्कार की दिनांक को सुबह 9.00 बजे से 11.00 बजे तक विद्यालय आकर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें । पंजीकरण एवं डॉकयुमेंट वेरिफिकेशन (Document Verification) के बिना साक्षात्कार में शामिल किया जाना संभव नहीं होगा।

1. आवेदन की प्रक्रिया

आवेदन फार्म/ रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म विद्यालय की बेबसाइट www.no1shahjahanpur.kvs.ac.in पर उपलब्ध हैं। इच्छुक एवं अर् अभ्यर्थी आवेदन फार्म/ रजिस्ट्रेशन फार्म भरकर इसके साथ अपने पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ लगाकर एवं अपने मूल प्रमाणपत्रों एवं उनकी स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ साक्षात्कार की तिथि पर पंजीयन के लिए समय से आधा घंटा पूर्व उपस्थित हों।

नोट: 1. कृपया आवेदन विद्यालय में न भेजें, आवेदन भरकर साक्षात्कार की तिथि पर स्वयं उपस्थित हों।

2. चयन प्रक्रिया

अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार (Walk-in-Interview) के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जायेगा तथापि Demo lesson भी साक्षात्कार (Walk-in-Interview) का हिस्सा हो सकता है।

नोट : अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने/ आवश्यकता समझे जाने पर साक्षात्कार (Walk-in-Interview) से पूर्व लिखित परीक्षा/ स्क्रीनिंग परीक्षा का आयोजन कर शार्ट लिस्ट किया जा सकता है। लिखित परीक्षा/ स्क्रीनिंग परीक्षा में अधिकतम अंक पाने वाले केवल 25 अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार (Walk-in-Interview) में सम्मिलित किया जाएगा | लिखित परीक्षा/ स्क्रीनिंग परीक्षा में शैक्षिक तकनीकी, शिक्षण अभिरुचि,संबन्धित विषय, अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषा एवं सामान्य ज्ञान से संबन्धित प्रश्न होंगे।

3 . साक्षात्कार (Walk-in-Interview) एवं चयन से संबन्धित अन्य महत्त्वपूर्ण दिशा–निर्देश

1. साक्षात्कार (Walk-in-Interview) में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी की आयु सीमा दिनांक 31.03.2024 को 18 वर्ष से 65 वर्ष होनी चाहिए ।
2. साक्षात्कार (Walk-in-Interview) में शामिल होने के इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन पत्र के प्रारुप को डाउनलोड कर, उसे पूर्ण रुपेण भरकर अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति एवं अपना अद्यतन फोटो लगा कर, साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर विद्यालय में पंजीकरण कक्षा में जमा करने के उपरांत उसी कक्ष में अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों से वेरिफिकेशन करवा लें।
3. अभ्यर्थी जिस भी पद हेतु अभ्यर्थी पात्रता रखते हों/ आवेदन करना चाहते हैं, अलग-अलग पदों हेतु अलग-अलग आवेदन करें तथा सभी आवेदनों के साथ वांछित दस्तावेज़ों की स्व-प्रमाणित छायाप्रति अवश्य संलग्न करें ।
4. अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण अथवा अन्य किसी प्रशासनिक कारण से साक्षात्कार (Walk-in-Interview) की प्रक्रिया देर शाम तक चल सकती है।अत: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पूरी तैयारी से आयें।
5. किसी भी अपरिहार्य/ प्रशासनिक कारण से साक्षात्कार (Walk-in-Interview) निरस्त करने अथवा साक्षात्कार (Walk-in-Interview) का समय एवं तिथि बदलने का अधिकार विद्यालय प्रबंधन को होगा।
6. उपरोक्त विज्ञापित समस्त पदों के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों से सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम पढ़ाने की दक्षता अनिवार्य है। अत: अभ्यर्थी को हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों माध्यमों से पढ़ाने में समान रूप से दक्ष होना चाहिए ।
7. स्नातक स्तर पर विषय संयोजन केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार होना होना चाहिए । जिन अभ्यर्थियों के स्नातक स्तर पर वांछित विषय संयोजन नहीं हैं, वे संबन्धित पद हेतु साक्षात्कार (Walk-in-Interview) के लिए पात्र नहीं होंगे।
8. प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGT) तथा प्राथमिक शिक्षक (PRT) पद हेतु ऐसे पात्र अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी जो केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) उत्तीर्ण हैं । CTET उत्तीर्ण उम्मीदवार नहीं मिलने की स्थिति में आवश्यकता होने पर पैनल में उपलब्ध अन्य पात्र अभ्यर्थियों को वरीयता के क्रम में बुलाया जाएगा ।
9. कंप्यूटर अनुदेशक (Computer Instructor) के पद के लिए ऐसे पात्र अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी जो किसी केन्द्रीय विद्यालय / सीबीएसई स्कूल में कक्षा 9 एवं कक्षा 10 में आर्टिफ़िश्यल इंटेलिजेंस (Artificial Intelligence) पढ़ाने का अनुभव रखते हों।
10. मात्र पैनल में नाम शामिल होना ही अंशकालिक अनुबंध/संविदा आधारित नियुक्ति की गारंटी नहीं होगी। विद्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार पात्र अभ्यर्थियों को वरीयता के क्रम में शिक्षण कार्य हेतु बुलाया जाएगा ।
11. केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार समेकित मानदेय दिया जाएगा।
12. अंशकालिक एवं संविदा/ अनुबंध आधार पर चयनित अभ्यर्थी की सेवायें लेने से पूर्व न्यूनतम 100/- रुपये के ग़ैर- न्यायिक स्टांप पेपर (Non-Judicial stamp Paper) पर अभ्यर्थी एवं प्राचार्य के मध्य के.वि.सं. के वास्ते/पक्ष [BEHALF] सहमति पत्र हस्ताक्षरित किया जायेगा ।
13. चयन समिति का निर्णय अंतिम तथा सर्वमान्य होगा।
14. साक्षात्कार (Walk-in-Interview) एवं नियुक्ति से संबन्धित अद्यतन जानकारी विद्यालय की वेबसाइट www.no1shahjahanpur.kvs.ac.in के announcement से तथा विद्यालय सूचना पटल से प्राप्त करें।

प्राचार्य